हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 26 जुलाई 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

13 अवैध अप्रवासियों एवं संदिग्धों के विरुद्ध पुलिस ने शुरु किया ...

14 विद्युत उपभोक्ता जागरूकता एवं शिकायत निवारण कार्यशाला


Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद धमतरी ने बताया कि इस वर्ष 25 जुलाई आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी व्रत किया जाएगा। देवशयनी एकादशी को हरिशयनी एकादशी भी कहते हैं। देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ हो जाता है और हरिशयनी एकादशी के बाद चार माह कोई भी मांगलिक कार्य विवाह गृह प्रवेश एवं कोई भी शुभ कार्य वर्जित निषेध है। इस वर्ष चतुर्मास देवशयनी एकादशी 25 जुलाई से प्रारंभ होकर 21 नवम्बर देवउठनी एकादशी तक रहेगा। बताया कि इस चतुर्मास में रामचरितमानस का पाठ अवश्य करना चाहिए। उपरोक्त जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पं. राजकुमार तिवारी ने दी है।

### रवि प्रदोष व्रत आज

**धमतरी।** कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। यह व्रत भगवान शिव को समर्पित होता है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 26 जुलाई को रविवार के दिन होने के कारण इसे रवि प्रदोष व्रत कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत को विधि-विधान से करने पर भगवान शिव के साथ-साथ सूर्य देव की भी कृपा प्राप्त होती है। इससे उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, मान-सम्मान और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

### यादव समाज के नगर अध्यक्ष का चुनाव आज

**धमतरी।** कोसरिया यादव समाज की नगर इकाई के अध्यक्ष पद के लिए रविवार को यादव सामाजिक भवन में चुनाव कराया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए रामेश्वर यादव और यशवंत यादव के बीच सीधा मुकाबला होगा। चुनाव को लेकर समाज के सदस्यों में उत्साह का माहौल है। निर्धारित समय पर मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। समाज के पदाधिकारियों ने सभी पात्र सदस्यों से समय पर पहुंचकर मतदान में भाग लेने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाने की अपील की है।

### देवांगन समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

**धमतरी।** धमतरी मंडल देवांगन समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को दानीटोला स्थित देवांगन धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं समाजजन शामिल होंगे। समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। आयोजन समिति ने समाज के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर नए नेतृत्व का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### साहू समाज की कार्यकारिणी बैठक आज

**कोर्रा(भखारा)।** दिनांक 26 जुलाई रविवार को दोपहर 2 बजे परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा परिक्षेत्र की कार्यकारिणी की बैठक रखी गई है। कार्यक्रम में समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामीण अध्यक्षों से उपस्थिति की अपील की है। बैठक में ग्रामीण साहू समाज बागतराई के पाली प्रमुख के आवेदन पर चर्चा हेतु एवं सामाजिक प्रमुख पदाधिकारी एवं युवक युवतियों की सूची जमा करने के संदर्भ चर्चा की जाएगी।

# अछोटा पुल की बदहाल स्थिति बनी राहगीरों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर से सिहावा मार्ग को जोड़ने वाला महानदी पर स्थित अछोटा-कोलियारी पुल एक बार फिर अपनी जर्जर हालत को लेकर चर्चा में है। पिछले वर्ष कराए गए डामरीकरण के बावजूद सड़क कई स्थानों पर उखड़ चुकी है। पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो रही है और दोनों ओर जमा रेत से दोपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुल की तत्काल मरम्मत और नियमित रखरखाव की मांग प्रशासन से की है।

### मरम्मत के एक साल बाद फिर उभरे गड्ढे



### सड़क, रेलिंग और रेत बनी परेशानी का कारण

धमतरी से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित अछोटा-कोलियारी पुल से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। यह पुल धमतरी और सिहावा मार्ग के साथ ओडिशा की ओर जाने वाले यातायात के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। पिछले वर्ष दीपावली से पहले सेतु निगम द्वारा पुल की सड़क का डामरीकरण कराया गया था, लेकिन एक वर्ष के भीतर ही कई स्थानों पर डामर उखड़ गया है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और कुछ स्थानों पर पुल की संरचना में उपयोग किए गए लोहे भी दिखाई देने लगे हैं। रात के समय इन गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पुल की सीमेंट की रेलिंग भी कई जगहों पर टूटकर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जगह-जगह दरारें दिखाई दे रही हैं, जिससे लोगों में पुल की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। दूसरी ओर, पुल के दोनों किनारों पर जमा रेत भी परेशानी का कारण बनी हुई है। कुछ समय पहले रेत हटाने का कार्य किया गया था, लेकिन पूरी तरह सफाई नहीं होने से सड़क किनारे अब भी रेत फैली हुई है। इसके कारण दोपहिया वाहन फिसलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। तेज हवा चलने पर यही रेत उड़कर राहगीरों की आंखों में चली जाती है, जिससे आवागमन और भी मुश्किल हो जाता है।

### नए पुल की मंजूरी का इंतजार रखरखाव की उठी मांग

अछोटा-कोलियारी पुल का निर्माण वर्ष 1981 में पूरा हुआ था। इससे पहले बरसात और बाढ़ के दिनों में लोगों को महानदी पार करने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता था। पुल बनने के बाद धमतरी, सिहावा और ओडिशा की ओर आवागमन काफी सुगम हो गया। वर्तमान में यह मार्ग क्षेत्र के प्रमुख संपर्क मार्गों में शामिल है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन यहां से गुजरते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुल के नीचे के हिस्से में भी कई स्थानों पर प्लास्टर उखड़ चुका है तथा कुछ जगहों पर दरारें और सरिया दिखाई देने लगे हैं। इससे पुल के रखरखाव को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इधर, पुराने पुल के समानांतर नया पुल बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग के सेतु निगम ने विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर शासन को भेजा है, लेकिन अभी तक इसे बजट की स्वीकृति नहीं मिल सकी है। नागरिकों ने कलेक्टर से मांग की शेष पेज 12 पर

## गांव को अनिष्ट से बचाने के आज से इतवारी, हर रविवार बंद रहेगा काम

# बारिश थमते ही खेती किसानी ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश थमते ही खेती किसानी ने रफ्तार पकड़ ली है। खेतों में पानी की धार भी थम चुकी है, जिसके चलते दवा, खाद का छिड़काव जोर शोर से चल रहा है। कई स्थानों पर निंदाई का काम भी शुरू हो गया है।

लगातार बारिश होने से खेती किसानी पर ब्रेक लग गया था, खेतों में पानी की धार चलने से खेती किसानी का काम नहीं हो पा रहा था। अब तीन दिन से बारिश थमी हुई है। खेतों में पानी की धार भी थम चुकी है। स्थिति को देखते हुए अब किसान अपना दिन खेतों में काम करते बीता रहे हैं। जिन खेतों में खुर्रा और लाई चोपी पद्धति से बोनी की गई है, वहां पर किसान अब खरपतवार नाशक का छिड़काव कर रहे हैं। इन खेतों में एक हफ्ते बाद खाद का छिड़काव किया जाएगा। वहीं जहां पर रोपा पद्धति से बोनी की गई है, वहां पर किसान खाद और कीटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि अच्छी बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी भर चुका है। एक सप्ताह मौसम ऐसा ही रहेगा तो खेती सम्हल जाएगी।



### सावन शुरू होने से पहले आज से इतवारी

सावन शुरू होने से पहले गांवों में इतवारी मनाने की परंपरा शुरू हो जाती है। आज अषाढ़ माह का अंतिम रविवार है, जिसके चलते आज से इतवारी मनाने की परंपरा शुरू कर दी जाएगी। इससे पहले शनिवार रात को कई गांवों में विशेष अनुष्ठान भी किया जाएगा। वरिष्ठ कृषक बिहारी ध्रुव, पतिराम साहू आदि ने बताया कि सावन माह में बुरी शक्तियां ताकतवर हो जाती है, इन बुरी शक्तियों से गांव की रक्षा के लिए देवी देवताओं का अनुष्ठान किया जाता है। उन्होंने बताया कि आज से हर रविवार खेती किसानी के संबंधित सभी काम बंद रहेंगे।

### लगातार बारिश से बीज सड़ गए

इस बार मौसम खेती के अनुकूल नहीं है, पहले तो बारिश बिल्कुल नहीं हुई, उसके बाद हुई तो लगातार। अधिकांश किसानों ने खुर्रा बोनी की थी, लगातार बारिश से उनके बीज सड़ गए। खेतों के पानी निकलने के बाद उन्होंने फिर से धान का छिड़काव किया। इस बार भी बारिश का मिजाज वैसा ही रहा। लगातार बारिश हुई, जिससे फिर से बीज सड़ गए। खेतों में अब पौधों का घनत्व काफी कम है। किसानों ने बताया कि खाद, दवा, टॉनिक का छिड़काव करके वे इस कमी को दूर करने का प्रयास करेंगे, इसके बाद भी उत्पादन बेहतर आने की उम्मीद कम है।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 2.23 लाख की 53 पेटी अवैध शराब जब्त

- दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल
- अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस का बड़ा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस ने अब तक के सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.23 लाख रूपये कीमत के 53 पेटी अवैध शराब का जखीरा जप्त कर दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं बिक्री के खिलाफ एसपी भावना पाण्डेय के निर्देशन में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से ग्राम धौराभाठा में बड़ी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा होने की सूचना मिली। एएसपी व सीएसपी के मार्गदर्शन में व अर्जुनी थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम धौराभाठा में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर दो आरोपी खिलानंद साहू उर्फ गोलू व कमलेश शेष पेज 12 पर



### अन्तर्राज्यीय सप्लाई नेटवर्क की जांच शुरू

यह कार्रवाई धमतरी जिले में अवैध शराब के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में बरामद अवैध शराब को देखते हुए पुलिस अन्तर्राज्यीय सप्लाई नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही अवैध शराब के परिवहन, भण्डारण व वितरण से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरूद्ध भी कठोर वैधानिक कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

### 2544 पौवा अवैध शराब की जब्ती

इस कार्रवाई में पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 40 पेटी देशी अवैध प्लेन शराब शोले, 5 पेटी अवैध मसाला शराब, 8 पेटी अंग्रेजी शराब जम्मू कुल 53 पेटी में 2544 पौवा अवैध शराब जब्त की गई। जप्त उक्त अवैध शराब की अनुमानित बाजार की कीमत 2 लाख 23 हजार 680 रूपये है।

### सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 28 को

**धमतरी।** सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति जिला पंचायत धमतरी की बैठक आगामी 28 जुलाई को आहूत की गई है। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कार्यालय के सभाकक्ष में यह बैठक दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी।

### काउंसिलिंग निरस्त

**धमतरी।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए बीते 14 जुलाई को जिला स्तर पर काउंसिलिंग आयोजित की गई थी, जिसे निरस्त किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले से चयनित विद्यार्थियों को काउंसिलिंग के लिए शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही सूचना दी जाएगी।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर धमतरी में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- इस्तीफे को लेकर अलग-अलग राय

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर के बाद धमतरी में भी विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी। किसी ने इसे नैतिक जिम्मेदारी का उदाहरण बताया, तो किसी ने इसे आंदोलन के दबाव में लिया गया निर्णय माना। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि दोषियों पर कार्रवाई अधिक महत्वपूर्ण है, जबकि अन्य ने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था की जीत बताया।

बताया गया कि नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं और छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। परीक्षा प्रक्रिया को लेकर देशभर में छात्रों और विभिन्न संगठनों ने आवाज उठाई थी। इसके बाद इस फैसले पर समाज के अलग-अलग वर्गों की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

डॉ. चंद्रशेखर चौबे (पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद) ने कहा कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा उचित नहीं था। उनके अनुसार लोकतंत्र में आंदोलन होते रहते हैं और केवल आंदोलन के दबाव में किसी जिम्मेदार पदाधिकारी को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षा में गड़बड़ी हुई है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना और पारदर्शी जांच कराना अधिक आवश्यक है। उनका मानना है कि सरकार ने जांच और दोबारा परीक्षा की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, इसलिए इस्तीफा को इसका समाधान नहीं माना जा सकता।



### किसी ने बताया सही फैसला किसी ने लोकतंत्र की जीत

तेजेंद्र तोड़ेकर (आम आदमी पार्टी) ने कहा कि सरकार ने जनभावनाओं को देखते हुए यह निर्णय लिया है। उनके अनुसार मंत्री ने नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए इस्तीफा दिया, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का संकेत है। उनका कहना है कि जनता और युवाओं की आवाज को महत्व दिया जाना चाहिए।



रोहन सिन्हा (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) ने कहा कि यदि किसी विभाग में गंभीर त्रुटि होती है तो शीर्ष स्तर पर जिम्मेदारी स्वीकार करना आवश्यक होता है। उन्होंने इसे छात्र हित में उठाया गया कदम बताते हुए कहा कि जवाबदेही की यही भावना सभी दलों और सरकारों में समान रूप से लागू होनी चाहिए।

योगेश शर्मा (ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, शहर) ने कहा कि छात्रों के लगातार आंदोलन के बाद सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने इसे लोकतंत्र में जनदबाव की सफलता बताते हुए कहा कि युवाओं की आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उनके अनुसार जवाबदेही तय होना लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



## नगरी ब्लॉक में सबसे ज्यादा प्रभावित लोग

# छह माह में 54 से अधिक मलेरिया मरीज मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में बारिश के साथ मलेरिया के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जनवरी से जून तक बीते छह महीने में जिले में 54 मलेरिया मरीज मिले हैं, जबकि जुलाई के पहले नौ दिनों में तीन नए मरीजों की पुष्टि होने से कुल संक्रमितों की संख्या 57 पहुंच गई है। बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी, जांच और रोकथाम अभियान तेज कर दिया है।

सीएमएचओ कार्यालय के अनुसार, जून माह में सबसे अधिक 21 मलेरिया के मामले सामने आए। सबसे ज्यादा 11 मरीज नगरी विकासखंड से मिले हैं, जिसके चलते वहां विशेष निगरानी और नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। बारिश के मौसम में मच्छरों का प्रजनन बढ़ने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा धमतरी शहर सहित प्रभावित गांवों में मितानिनों के माध्यम से घर-घर पहुंचकर पिछले वर्ष वितरित मच्छरदानियों का पुनः कीटनाशक उपचार (री-मेडिकेशन) किया जा रहा है। साथ ही जलभराव वाले स्थानों और नालियों में दवा का छिड़काव कर मच्छरों के प्रजनन को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

जागरूकता अभियान के तहत करीब 60 मितानिनों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षित मितानिनें लोगों को मलेरिया के लक्षण, समय पर जांच, उपचार और बचाव के उपायों की जानकारी देने के साथ बुखार पीड़ितों की पहचान कर उन्हें तत्काल जांच के लिए प्रेरित कर रही हैं। इस वर्ष जिले में 1 लाख 30 हजार 298 लोगों की मलेरिया जांच का लक्ष्य रखा गया है। जनवरी से अब तक 76 हजार 798 लोगों की जांच की जा चुकी है।




### पिछले वर्ष 17 गांव थे प्रभावित

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पिछले वर्ष नगरी विकासखंड के 17 गांव मलेरिया से प्रभावित रहे थे। इनमें खल्लारी, रिसगांव, बेलरबाहरा, बोराई, कुम्हड़ा, कांटाकुर्रीडीह, बाजार कुर्रीडीह, डोकाल, कुर्रा, रानीगांव, रतावा, कसपुर, गजकन्हार, गोंदलानाला और अरसीकन्हार सहित अन्य गांव शामिल हैं। इन क्षेत्रों को इस वर्ष भी संवेदनशील मानते हुए विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### स्वास्थ्य विभाग ने बचाव के उपाय बताए

जिला मलेरिया अधिकारी ने मीडिया को बताया कि नगरी विकासखंड में बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सर्वे, जांच और उपचार की गतिविधियां तेज कर दी हैं। उन्होंने लोगों से घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देने, नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने, पूरी बांह के कपड़े पहनने तथा बुखार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार से मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

# रेलवे स्टेशन के सामने अस्थायी दुकानों को लेकर व्यवसायियों ने महापौर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेलवे स्टेशन के सामने अस्थायी रूप से दुकान संचालित कर रहे व्यवसायियों ने शनिवार को नगर निगम पहुंचकर महापौर रामू रोहरा से अपनी समस्याएं साझा कीं। व्यवसायियों ने बताया कि रेलवे क्षेत्र से दुकानें हटने के बाद वे नाले के ऊपर अस्थायी टपरी लगाकर आजीविका चला रहे हैं। हाल ही में नगर निगम की टीम के पहुंचने से उन्हें दोबारा हटाए जाने की आशंका सताने लगी है।

महापौर ने व्यवसायियों की बात सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि अस्थायी रूप से दुकान लगाने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन नाले के ऊपर स्थायी लोहे के शेड या पक्का निर्माण नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान एमआईसी सदस्य नरेन्द्र रोहरा और पार्षद अज्जू देशलहरे भी मौजूद रहे तथा व्यवसायियों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

# वन विभाग ने किया है मना, काबिज वनभूमि में खेती करने की अनुमति मांगी

## बांसपारा, बनरौद के दर्जन भर किसानों ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

केरेगांव तहसील स्थित बांसपारा के वनभूमि में वर्षों से किसानी करने वाले 12 परिवारों ने कलेक्टर से खेती करने की अनुमति मांगी है। बताया जा रहा है कि वन विभाग किसानों को काबिज खेतों में घुसने से मना कर दिया है।

कुकरेल तहसील के ग्राम बांसपारा निवासी कस्तुरा बाई गोंड, सुमित्रा बाई गोंड, राधा ध्रुव, बिसंतिन ध्रुव, निर्मला कुंजाम, शांति बाई गोंड, कृपाराम कमार, बुधु गोंड, दयाराम गोंड, हिरम बाई यादव, जगदीश यादव, दयाराम यादव ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कहा है कि ग्राम बांसपारा (कुकरेल) स्थिति वन भूमि कक्ष क्रमांक-163 परिक्षेत्र कुकरेल में वर्षों से काबिज होकर लंबे समय से खेती कर रहे हैं। वन अधिकार अधिनियम के तहत तत्कालीन कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला वन अधिकार समिति ने 3 अक्टूबर 2013 को वन अधिकार मान्यता पत्र जारी करने सर्व सम्मति से निर्णय लिया है। वन भूमि पर काबिज किसानों ने कहा है कि वन विभाग के अधिकारी इस साल उन्हें खेतों में घुसने नहीं दे रहे हैं। वन अधिकार मान्यता पत्र को लेकर उच्च न्यायालय बिलासपुर में पुनः रिट याचिका लगाया गया है। याचिकाकर्ताओं ने कलेक्टर से कहा है कि काबिज वन भूमि बांसपारा, बनरौद, परिक्षेत्र केरेगांव में ट्रेक्टर वाहन के माध्यम से खेती करने की अनुमति मांगी है।

## खबर संक्षेप

### धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों के संघर्ष की ऐतिहासिक जीत : राजा



**धमतरी।** एनएसयूआई धमतरी जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को देशभर के छात्र-युवा आंदोलन की महत्वपूर्ण जीत बताते हुए कहा कि यह उन लाखों विद्यार्थियों के संघर्ष, आक्रोश और लोकतांत्रिक आवाज की जीत है, जिन्होंने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और न्याय की मांग को लेकर लगातार आंदोलन किया। राजा देवांगन ने कहा कि नीट परीक्षा में सामने आई गंभीर अनियमितताओं और धांधली ने देश के लाखों मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। इन्हीं मांगों को लेकर एनएसयूआई ने पूरे देश में आंदोलन किया। छत्तीसगढ़ में भी बिलासपुर में एनएसयूआई के नेतृत्व में न्याय की मांग को लेकर विशाल प्रदर्शन किया गया, जहाँ शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने वाले छात्र नेताओं और कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया गया। अनेक साथियों ने लाठियां खाईं, चोटें झेलीं, लेकिन छात्रों के अधिकारों की लड़ाई से पीछे नहीं हटे। यह संघर्ष आज धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के रूप में अपनी पहली बड़ी सफलता तक पहुंचा है। लेकिन यह केवल किसी एक व्यक्ति के पद छोड़ने का मामला नहीं, बल्कि उन विद्यार्थियों की आवाज की जीत है जिन्होंने अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया। हालांकि केवल इस्तीफा ही पर्याप्त नहीं है। देश की परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। राजा देवांगन ने हाल ही में नीट परीक्षा से जुड़े तनाव के कारण आत्महत्या करने वाले छात्र को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी का इस प्रकार जीवन समाप्त कर लेना पूरे समाज और व्यवस्था के लिए अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। किसी भी छात्र को ऐसी परिस्थितियों का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है।

## निधन

### रामदत्त शुक्ला



**कुरूद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं ब्राह्मण समाज के सक्रिय सदस्य रामदत्त शुक्ला 78 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। वे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद के अध्यक्ष महिम शुक्ला के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा में जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ब्राह्मण समाज के लोग और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

### कुलेश्वरी माणिकपुरी



**कुरूद।** नगर पालिका परिषद कुरूद के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद रविप्रकाश माणिकपुरी की पत्नी कुलेश्वरी माणिकपुरी वर्ष 32 का रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त कर परिवार को सांत्वना दी।

### कांग्रेस नेताओं ने नीट पेपर लीक मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की

# दिल्ली लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरुद के तत्वावधान में गुरुवार को पुराना बाजार में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जंतर-मंतर, नई दिल्ली में न्याय की मांग कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी एस.ए. सम्पत, जिलाध्यक्ष तारणी चन्द्राकर, पूर्व विधायक लेखराम साहू, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महिम शुक्ला सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। वक्ताओं ने पेपर लीक प्रकरण को लेकर केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। नेताओं ने कहा कि छात्रों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस उनके अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस भवन में स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक और चन्द्रशेखर आजाद की जयंती तथा बिसाहू दास मंहत की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्रनिर्माण, स्वतंत्रता संग्राम और समाज सेवा में दिए गए योगदान को याद किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राजकुमारी दीवान, शारदा साहू, तपन चन्द्राकर, जानसिंग यादव, पंकज जोशी, पप्पू राजपूत, प्रमोद साहू, संतोष प्रजापति, मनीष साहू,लोकेश्वर साहू, प्रमोद सिन्हा, पुष्पलता, चंद्रप्रकाश देवांगन, अशोक साहू, रंभा साहू, रामेश्वर साहू, मनोज अग्रवाल, आशीष शर्मा, योगेश साहू, तुकेश, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को कांग्रेस नेता ने बताया उचित कदम

**धमतरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को नैतिक जिम्मेदारी के अनुरूप उठाया गया कदम बताया है। उन्होंने कहा कि देशभर के छात्रों और युवाओं ने परीक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद की, जिसके बाद यह निर्णय सामने आया। उनके अनुसार युवाओं ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर यह संदेश दिया है कि वे अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाना जानते हैं। नीलम चंद्राकर ने कहा कि परीक्षा में सामने आई कथित अनियमितताओं से लाखों विद्यार्थियों की मेहनत और भविष्य प्रभावित हुआ है। उनका मानना है कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों का विश्वास बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

## अंचल की खबरें

### जुड़वास में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जुटे



**नगरी।** ग्राम उमरगांव में प्रथा परंपरा के अनुसार पुर्वजों से चली आ रही परंपरा जुड़वास माता पहुंचानी परब बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। ग्राम के एवं अन्य गांवों से भी श्रद्धालु सैकड़ों की संख्या में पहुंचे थे। ग्राम के शीतला मंदिर के पुजारी द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर सेऊक भाईयों द्वारा माता के भजन करते हुए सेवा गीत के साथ शीतला मंदिर में परिक्रमा कर तेल हल्दी नारियल चांवल लेकर माता जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही ग्राम के सभी देवी-देवता, डांग- डोली सम्मिलित हुए। परिक्रमा पश्चात देवी देवता शीतला माता मंदिर में मत्था टेक कर देवी शक्ति का प्रदर्शन किया। अंत में नारियल एवं चिला रोटी प्रसाद प्राप्त कर घर लौट गए।

### चटौद स्कूल में बाल केबिनेट का गठन



**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल चटौद में बाल केबिनेट की गठन किया गया। शालानायक वेदिका साहू, उपशाला नायक वीणा विश्वकर्मा, क्रीड़ा प्रभारी दुर्गेश साहू, सांस्कृतिक प्रभारी वेदकुमारी ध्रुव, स्वच्छता प्रभारी तोषी यादव, अनुशासन प्रभारी देवव्रत बनाए गए। प्रचार्या श्रीमती राजकुमारी ठाकुर ने सभी परिषद की प्रभारी को शाला गतिविधि में ईमानदारी से अपने अपने कार्यों का निर्वहन करने की अपेक्षा की।

### घटुला में शपथ ग्रहण एवं साइकिल वितरण



**नगरी।** शीतला देवी शासकीय हाई स्कूल, घटुला में नवनिर्वाचित शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर डॉ. मकसूदन साहू तथा उपाध्यक्ष पद पर भाव प्रकाश देव सहित अन्य पदाधिकारियों ने विधिवत शपथ ग्रहण कर अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत विद्यालय की पात्र छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मोनू साहू, बीरेंद्र मिश्रा, धर्मेंद्र कोसरे, बिंदिया साहू, टिकेश्वरी नाग, प्राचार्य राजेश कश्यप सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कुरूद व सिहावा पुलिस की कार्रवाई

# अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ धमतरी पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना कुरूद एवं थाना सिहावा पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध शराब एवं बिक्री रकम जब्त की है। दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

थाना कुरूद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम चारभाठा पुल के पास एक व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर मुरारी दास वैष्णव (54 वर्ष), निवासी परखन्दा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 17 पाव देशी मसाला शराब (3,060 मिलीलीटर) तथा बिक्री रकम सहित करीब 2,000 मूल्य की सामग्री बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(ख) के तहत अपराध क्रमांक 220/26 दर्ज किया गया।

वहीं थाना सिहावा पुलिस ने ग्राम रानीगांव मानस मंच के पास कार्रवाई करते हुए मनीष मरकाम, निवासी रानीगांव को अवैध रूप से महुआ शराब बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा। उसके कब्जे से 3 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा बिक्री रकम सहित लगभग 750 मूल्य की सामग्री जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(ए) के तहत अपराध क्रमांक 55/26 दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### सहकारिता मंत्री का प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत करते हुए 4 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा



**पुरी।** छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने धमतरी जिले के प्रवास के दौरान ग्राम लोहरसी समिति में ड्रोन का उद्घाटन करते हुए इफको एमसी कृषि दवाई दुकान का भी शुभारंभ और एक पेड़ मां के नाम का भी वृक्षारोपण किया। जिसमें निरंजन सिन्हा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर अध्यक्ष ,बैंक के सीईओ मैडम अपेक्षा व्यास, नोडल अधिकारी, आसपास समिति के समिति अध्यक्ष, प्रबंधक कर्मचारी, किसान, सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे। इस दौरान धमतरी जिले के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। साथ ही लंबित चार सूत्रीय मांगपत्र को सौंपते हुए लंबी चर्चा की। मंत्री श्री कश्यप ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

# महापौर के निर्देश पर भानपुरी-तरसीवा-रांवा मार्ग का कार्य शीघ्र होगा प्रारंभ

- रामू रोहरा ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग और आवागमन की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महापौर जगदीश (रामू) रोहरा ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए भानपुरी–तरसीवा–रांवा मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

महापौर श्री रोहरा ने अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि मार्ग निर्माण से संबंधित सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू हो सके।

उन्होंने कहा कि भानपुरी, तरसीवा, रांवा सहित आसपास के कई गांवों के नागरिक प्रतिदिन शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि कार्य, रोजगार, व्यापार तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए इस मार्ग का उपयोग करते हैं। वर्तमान में मार्ग की स्थिति के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर बारिश के मौसम में आवागमन प्रभावित होने से विद्यार्थियों, किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं मरीजों को भारी परेशानी होती है। सड़क निर्माण प्रारंभ होने के बाद इन सभी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा तथा ग्रामीणों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराया जाए। निर्माण में किसी प्रकार की तकनीकी कमी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाएगी।

महापौर की इस पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने महापौर रामू रोहरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य के शीघ्र प्रारंभ होने से क्षेत्र के विकास को नई गति

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नए पुल की मंजूरी का इंतजार, रखरखाव ...

है कि पुल की सड़क के गड्ढों की तत्काल मरम्मत, रेलिंग की मरम्मत और सड़क किनारे जमा रेत की पूरी तरह सफाई कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 2.23 लाख के 53 ...

साहू को भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कुल 53 पेटी अवैध शराब कीमत 2 लाख 23 हजार 680 रूपये को जप्त किया। पुलिस ने अर्जुनी थाना में धारा 34-2 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी खिलानंद साहू उर्फ गोलू पिता ईश्वर साहू उम्र 33 वर्ष व कमलेश साहू पिता कोमल उम्र 32 वर्ष दोनों ग्राम धौराभाठा थाना अर्जुनी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

### 30 मीटर पुलिया व 800 मीटर पक्की सड़क के लिए हुआ सर्वे और नाप

# मुख्य सड़क से जुड़ेगा ग्राम कच्छारपारा

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी



विकासखंड नगरी अंतर्गत ग्राम पंचायत लटियारा के आश्रित ग्राम कच्छारपारा को मुख्य सड़क से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गांव पहुंचकर प्रस्तावित 30 मीटर पुलिया तथा लगभग 800 मीटर पक्की सड़क के निर्माण हेतु स्थल का सर्वे एवं नाप-जोख का कार्य किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रस्तावित मार्ग का अवलोकन कर तकनीकी मापदंडों के अनुसार आवश्यक जानकारी एकत्रित की। सड़क और पुलिया निर्माण से कच्छारपारा के ग्रामीणों को वर्षभर सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से बरसात के दिनों में आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने क्षेत्र में सड़क एवं पुलिया निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने पर खुशी व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन से कार्य को शीघ्र स्वीकृति देकर निर्माण प्रारंभ कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क और पुलिया बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान होगी, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध



डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### छात्रों की एकजुटता के आगे झुकी मोदी सरकार

**धमतरी।** जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली नरेंद्र मोदी सरकार को आखिरकार देश के जागरूक छात्रों और युवाओं की एकजुटता के सामने घुटने टेकने ही पड़े।



- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा पीड़ित छात्रों के साथ न्याय का पहला कदम : तारिणी चंद्राकर

लगातार हो रहे पेपर लीक और परीक्षा प्रणालियों में धांधली के खिलाफ जारी छात्र आंदोलन के दबाव में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, पीड़ित छात्रों को न्याय दिलाने की दिशा में पहला और बेहद महत्वपूर्ण कदम है। तारिणी चंद्राकर ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठियां बरसाई गईं और उनकी आवाज को दबाने का हर संभव प्रयास किया गया। लेकिन छात्र शक्ति के अडिग संकल्प ने यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र में जनता और देश का भविष्य (युवा) ही सर्वोपरि हैं। शिक्षा मंत्री का इस्तीफा इस बात का प्रमाण है कि सरकार अपनी विफलताओं और परीक्षा तंत्र के पूरी तरह ध्वस्त होने की बात को और अधिक नहीं छुपा सकी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में आयोजित गूंज कार्यक्रम ने देश के कोने-कोने में छात्रहित के आंदोलन को एक अभूतपूर्व मजबूती और वैचारिक धार दी है। राहुल गांधी जी ने सड़क से लेकर संसद तक छात्रों की पीड़ा को अपनी आवाज बनाया और यह स्पष्ट किया कि देश के युवाओं के भविष्य के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जा सकता। हमारी मांगें बेहद स्पष्ट हैं: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के छात्रों से माफी मांगें, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो, परीक्षा प्रणाली में ठोस सुधार हो।

### किसानों ने किया बरगद पीपल और फलदार पौधों का रोपण

**धमतरी।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ मंगलवार सुबह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भटगांव परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बरगद, पीपल, छायादार, फूलदार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। किसान और ग्रामीणों ने केवल पौधे लगाने तक ही सीमित न रहकर उनकी नियमित देखभाल, सिंचाई और संरक्षण का भी संकल्प लिया।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला धमतरी द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत आमदी स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू, जिला पंचायत महिला एवं बाल विकास के सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू, महिला एवं बाल विकास के जिलाधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभागीय अधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास, स्वरोजगार तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें




अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप कैरियर का चयन करने, जीवन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने तथा अनुशासन, आत्मविश्वास और सतत परिश्रम के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिपं सदस्य मोनिका देवांगन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षित बेटी ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। यदि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखकर पूरी लगन और मेहनत से आगे बढ़ें, तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य केवल बालिकाओं को विद्यालय तक पहुंचाना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और निर्णय लेने में सक्षम बनाना भी है। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, कौशल विकास पर ध्यान देने तथा शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने का संदेश दिया।

### जनसहयोग से सुरक्षा व्यवस्था होगी सशक्त

# अवैध अप्रवासियों एवं संदिग्धों के विरुद्ध पुलिस ने शुरू किया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पुलिस द्वारा जिले में अवैध अप्रवासियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध जन जागरुकता अभियान शुरु किया है। जिसके तहत सभी थाना एवं चौकियों एवं पुलिस वाहनों पर जागरुकता स्टीकर लगाया जाएगा।

जिले के आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाने तथा अवैध अप्रवासियों, किरायेदारों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में समय पर सूचना प्राप्त करने के उद्देश्य से एसपी भावना पांडेय के निर्देशन में धमतरी पुलिस द्वारा विशेष जागरुकता अभियान की शुरुआत की है। जिसकी शुरुआत एसपी ने अपने वाहन में टोलफ्री नंबर का स्टीकर लगाकर की। उसके बाद एएसपी शैलेंद्र पांडेय, डीएसपी मोनिका मरावी एवं डीएसपी मीना साहू ने भी अपने अपने शासकीय वाहनों पर अप्रवासियों एवं संदिग्ध एवं संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने संबंधी स्टीकर लगाकर अभियान का प्रारंभ किया। इसका उद्देश्य पुलिस के प्रत्येक वाहन के माध्यम से आमजन तक सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाना तथा नागरिकों को इस अभियान से सक्रिय रुप से जोड़ना है।

इसी क्रम में एसपी कार्यालय में किरायदार सत्यापन, संदिग्ध व्यक्ति एवं अवैध अप्रवासियों की सूचना देने संबंधी जागरुकता पाम्पलेट एवं पोस्टर प्रमुख स्थानों पर लगाए गए हैं। जिससे कार्यालय आने वाले आवश्यक जानकारी प्राप्त कर पुलिस का सहयोग कर सके। अभियान को जिले भर में प्रभावी बनाने के लिए इस जागरुकता स्टीकर एवं पाम्पलेट को सभी थाना व चौकी कार्यालयों में भेजा जा रहा है।



**सुरक्षा के लिए नागरिको की सहभागिता आवश्यक : एसपी**

पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने कहा है कि जिले की सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ ही प्रत्येक जागरुक नागरिक की भी सहभागिता आवश्यक है। जनसहयोग से ही संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है तथा सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं कानून व्यवस्था युक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

**पुलिस सत्यापन जरूर कराएं**

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी किरायेदार को मकान देने से पहले उसका पुलिस सत्यापन अवश्य कराएं। होटल, लॉज, धर्मशाला एवं अन्य संस्थानों में ठहरने वालों का रिकार्ड नियमानुसार संधारित करें। यदि संदिग्ध व्यक्ति, अवैध अप्रवासी अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल टोलफ्री नंबर 1800-233-1905, डायल 112 या निकटतम पुलिस थाना व चौकी को सूचना दें।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में भीमआर्मी का प्रदर्शन

- अंबेडकर चौक से निकाली रैली, कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के बाद सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भीमआर्मी भारत एकता मिशन छग ने दिल्ली के जंतर मंतर में छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

शनिवार को भीमआर्मी एकता मिशन ने अंबेडकर चौक में सभा आयोजित करने के बाद रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट में धरना प्रदर्शन किया और नायब तहसीलदार दुर्गेश सिंह तंवर को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि 20 जुलाई को नईदिल्ली स्थित जंतर मंतर पर छात्र नीट परीक्षा से संबंधित मुद्दो पर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही की मांग को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा बलप्रयोग करने का आरोप सामने आये है। इसकी निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराया जाना न्याय, विधि के शासन तथा संवैधानिक मूल्यों की दृष्टि से आवश्यक है।



भीमआर्मी ने कहा हैकि भारतीय संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को समानता का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, शांतिपूर्ण तथा निशस्त्र सभा करने का अधिकार प्रदान करता है। भीमआर्मी ने सात सूत्रीय मांगों में कहा है कि कथित लाठीचार्ज एवं बलप्रयोग की उच्चस्तरीय, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायिक जांच, जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारी एवं संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध विधि के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालो में भीमआर्मी के जिलाध्यक्ष मिलाप साहू सहित 50 से अधिक कार्यकर्ता शामिल थे।

## छाती सोसाइटी में किसानों को साधारण ब्याज दर पर ट्रैक्टर ऋण वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी

भारत सरकार के मनसा अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा अब सहकार से समृद्धि लाने के लिए सहकारी समितियां में बहु आयामी सुविधा एक छत के नीचे प्राप्त होने जा रही है। ईसी के तहत छाती सोसाइटी में खाद, बीज, कीटनाशक दवाई, सीएससी, माइक्रो एटीएम, राशन वितरण, समर्थन मूल्य धान खरीदी, साधारण ब्याज दर वार्षिक 12% की दर से नव किस्त ट्रैक्टर ऋण, भी वितरण किया जा रहा है। निहाल सिंह पटेल को 9,54,000 ट्रैक्टर ऋण जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर से सहकारिता मंत्री ने सहकारी सप्ताह समापन के दौरान ऋण स्वीकृति प्रदान कर चाबी दिए। जिसके तहत सहकारी समिति छाती ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक संबलपुर के माध्यम से ट्रैक्टर प्रदान किया गया। इस अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष ललित साहू, शाखा मैनेजर के के साहू, पर्यवेक्षक हिरेंद्र सिन्हा, लेखापाल श्री देवानंद, गनमैन राधे श्याम साहू एवं किसान सहित उनके परिवार ट्रैक्टर प्राप्त करते हुए उपस्थित थे। उक्त जानकारी नरेंद्र कुमार साहू समिति सीईओ छाती ने दी है।

## अंचल की खबरें

### ग्राम पंचायत बिजनापुरी में हुआ पौधारोपण



**धमतरी।** ग्राम पंचायत बिजनापुरी में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न कराया गया जिसमें मुख्य रूप से सरपंच हेमलाल ध्रुव, उपसरपंच खेमलाल साहू सहित समस्त पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत परसुली में नदी किनारे लगाए पौधे

**धमतरी।** ग्राम पंचायत परसुली में नदी किनारे गौठान के समीप पौधरोपण किया गया। इस मौके पर सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, उपसरपंच घनश्याम बांधे, रामाधार साहू, मनोहर साहू, प्रेमलाल साहू, भूपेंद्र चंद्रवंशी, लोकनाथ साहू, हिमांश चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।



### नरहरा जलप्रपात की वादियों में आदिवासी संस्कृति पर आधारित गीत की हुई शूटिंग

**धमतरी।** प्रकृति की मनमोहक वादियों से घिरे धमतरी जिले के माड़मसिल्ली, नरहरा और गट्टासिल्ली क्षेत्र में रविवार को सोनहा बादर परिवार के बैनर तले लोक गायक विरेंद्र कुमार कुंजाम के नए आदिवासी गीत रखवार हमन जंगल के आन की वीडियो शूटिंग की गई। नरहरा जलप्रपात के झरनों और रिमझिम बारिश के बीच फिल्माए गए इस गीत में आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, रीति-रिवाज, प्रकृति पूजा, वन संपदा तथा देवी-देवताओं के प्रति आस्था को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है। गीत का संगीत जितेंद्र साहू ने तैयार किया है। शूटिंग में भुनेश दास मानिकपुरी, सुरेश दास मानिकपुरी, जितेंद्र उईके, अनिल नेताम, भुनेश कोड़ोपी और अमित यादव का विशेष सहयोग रहा। गीत का लोकार्पण 9 अगस्त 2026 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर किया जाएगा।



### चरमुड़िया विद्यालय में 20 सदस्यीय शाला प्रबंधन समिति का गठन

**कुरुद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरमुड़िया में शासन के निर्देशानुसार विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। विद्यार्थियों के अभिभावकों की बैठक में सर्वसम्मति से मुकेश सोनवानी को अध्यक्ष, भुवन साहू को उपाध्यक्ष तथा प्राचार्य श्रीमती निधि सोनी को सचिव चुना गया। समिति में श्रीमती नीतू तेजेंद्र तोड़ेकर (सरपंच), श्रीमती भूमिता साहू (शिक्षिका), प्रमोद राजपूत, गोवर्धन साहू, नीलकंठ साहू, नरसिंह साहू, अनिल कुमार जांगड़े, प्रेमलाल निर्मलकर, गुलशन खातून, श्रीमती नरसीमा खातून, श्रीमती करिश्मा साहू, श्रीमती ज्योति टंडन, श्रीमती लता साहू, श्रीमती हेमलता साहू, श्रीमती धनेश्वरी जोशी तथा भागवत राम देवांगन को सदस्य मनोनीत किया गया। पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में विद्यालय के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के हित में सतत प्रयास तथा विद्यालय की गतिविधियों की नियमित समीक्षा एवं समस्याओं के समाधान का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पालकगण, पूर्व समिति के सदस्य एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।



## सभी बालिकाओं को बिना भेदभाव के साइकिल वितरण करें : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

यादव समाज जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष डीके यादव ने कहा है कि प्रदेश में संचालित सरस्वती निशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ सभी पात्र बालिकाओं को बिना किसी भेदभाव के मिलना चाहिए। वर्तमान में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कई छात्राओं से वर्ष 2002 की सर्वे सूची के आधार पर पात्रता मांगी जा रही है, जिससे अनेक जरूरतमंद छात्राएं योजना के लाभ से वंचित हो रही हैं। डीके यादव ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बालिका का अधिकार है। आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में साइकिल महत्वपूर्ण सहारा प्रदान करती है। इसलिए सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि किसी भी वर्ग की पात्र छात्रा केवल तकनीकी कारणों से योजना से वंचित न रहे।



उन्होंने मांग की है कि वर्ष 2002 की सर्वे सूची की अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से समाप्त अथवा शिथिल करते हुए सामान्य एवं सरल पात्रता के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग की सभी पात्र बालिकाओं को भी निशुल्क साइकिल उपलब्ध कराई जाए, ताकि सभी छात्राओं को समान अवसर मिल सके और शिक्षा को बढ़ावा मिले। इस संबंध में मांगपत्र एवं आवेदन मुख्यमंत्री, छग शासन, शिक्षा मंत्री छग शासन, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा सहित सर्व छत्तीसगढ़िया सर्व समाज के अध्यक्ष रमेश यदु, कलेक्टर जिला धमतरी, जिला शिक्षाधिकारी जिला धमतरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को प्रेषित किया गया है। डीके यादव ने आशा व्यक्त की है कि राज्य सरकार इस विषय पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी पात्र बालिकाओं को समानता के आधार पर निशुल्क साइकिल योजना का लाभ मिल सके।

### बोराई स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित

**नगरी।** शासकीय हाई स्कूल बोराई में शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में प्राचार्य रूपधन सिंह नेताम के नेतृत्व में छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई।

## कुहकुहा में चलाया गया नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत कुहकुहा तहसील कुरूद जिला धमतरी में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के दिशा निर्देश एवं डॉ. मनीषा पांडे के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत समाज कल्याण विभाग धमतरी और शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान नशा मुक्ति केंद्र कुरूद के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत कुहकुहा में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम करने का महत्वपूर्ण उद्देश्य हमारे ग्रामीण सामाजिक परिवेश में मादक पदार्थ एवं नशीली पदार्थ से दूर रहने के मुद्दे की ओर लोगों की जागरूकता और समझ को बढ़ाना है। समाज में नशेड़ी व्यक्तियों के लिए उनके स्वास्थ्य, सेहत, शिक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा पर ध्यान केंद्रित करना होता है।

शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में खेमचंद साहू कोषाध्यक्ष नशा मुक्ति केंद्र कुरूद के सभी स्टाफ सहित ग्राम पंचायत कुहकुहा के सरपंच रुपेश कुमार निर्मलकर, सचिव, उपसरपंच एवं पंचगण के उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के संदर्भ में अपने विचार रखते हुए खेमचंद गंजीर ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र कुरूद में नशा पीड़ित व्यक्तियों को निशुल्क उपचार की सुविधा के साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से योगाभ्यास, मेडिटेशन एवं व्यवहार के साथ नशे पीड़ित व्यक्तियों का इलाज प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक प्रक्रिया के तहत काउंसलिंग एवं साइकोलॉजी कक्षाओं के बिना भेदभाव के इलाज किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र कुरूद से लोमस बंजारे प्रबंधक, कुमारी प्रिया ठाकुर लेखापाल, सामाजिक कार्यकर्ता हामनी यादव, कृतिका देवांगन सहित स्टाफ की उपस्थिति रही।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रयास स्कूल रायपुर में यक्ष ध्रुव का चयन क्षेत्र में खुशी की लहर

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन निवासी एवं विद्याकुंज इंग्लिश मीडियम स्कूल, लोहरसी की कक्षा आठवीं के छात्र यक्ष ध्रुव का चयन प्रयास स्कूल, रायपुर में हुआ है। यक्ष, खेमलाल ध्रुव एवं कविता ध्रुव के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। यक्ष की सफलता पर उनके माता-पिता, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा परिजनों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।



### सरपंच द्वारा श्रद्धांजलि सहायता राशि प्रदान की गई

**नगरी।** ग्राम कल्लेमेटा निवासी स्व. श्रीमती सुमित्राबाई यादव के आकस्मिक निधन पर उनके पति खोलबाहरा को श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कल्लेमेटा के सरपंच रूपेंद्र कुमार मरकाम सहित विष्णु यादव, धनेश राम यादव, मनसुख राम यादव, परदेशी राम, संत राम, किशन राम यादव, तुलाराम एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जिला धमतरी के तत्वावधान में रविवार को कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा। वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में दोपहर 3 बजे धमतरी के कारगिल उद्यान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर कारगिल युद्ध के शहीद सैनिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनके अदम्य साहस और बलिदान को याद किया जाएगा। परिषद के जिलाध्यक्ष के. पी. साहू ने शहर के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित करने की अपील की है।

### मानस शक्ति केंद्र छुही में बैठक आज

**नगरी।** मानस शक्ति केंद्र छुही में 26 जुलाई 12 बजे साहू सदन छुही में मानस शक्ति केंद्र का बैठक आहूत की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा किया जाना है। गुरु पूर्णिमा पर्व मनाने हेतु चर्चा, मंडलियों का नवीनीकरण शुल्क जमा करने बाबत, गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाने हेतु स्थान एवं तिथि का चयन, मानस गोष्टी प्रारंभ करने हेतु चर्चा, सभी मानस ग्रामों में श्रावणी रामायण प्रारंभ करने हेतु आवश्यक चर्चा की जायेगी। समस्त सदस्यों और पदाधिकारियों से राममिलन साहू अध्यक्ष मानस शक्ति केंद्र छुही एवं टिकेश्वर साहू सचिव मानस शक्ति केंद्र छुही ने उपसस्थित की अपील की है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गातापार सोसायटी में हुआ पौधरोपण

**कुरूद।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोर्रा के अधीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गातापार में वृक्षारोपण एवं किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोऑपरेटिव बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा और जनपद पंचायत कुरूद की अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# बिना कारण बताए मात्र 6 दिन में बदल दिया कमार स्कूल का प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

करैहा हाईस्कूल के शिक्षक प्रीतम मंडावी ने आदिवासी विकास विभाग के आदेश पर को कमार आवासीय विद्यालय में प्रचार्य पद पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया गया था। वह एक सप्ताह भी काम नहीं कर पाया और बिना किसी कारण बताए उसे पद से हटाकर दूसरे को प्रभार दे दिया गया।

अधिकारियों की इस शैली पर नाराजगी जताते हुए अजजा शासकीय सेवक विकास संघ ने कलेक्टर और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को ज्ञापन सौंपकर इस प्रकरण की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक समीक्षा कराए जाने की मांग की है।

अजजा शासकीय सेवक संघ क सदस्यों ने बताया कि 2 जुलाई को प्रीतम विशेष रूप से कमजोर जनजाति (कमार) आवासीय विद्यालय, नगरी में प्राचार्य के पद पर अस्थायी रूप से कार्य करने हेतु आदेशित किया गया था। श्री मंडावी ने दिनांक 9 जुलाई को विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। मात्र 6 दिनों के भीतर दिनांक 15 जुलाई को आदिवासी विकास विभाग द्वारा पुनः आदेश जारी कर किसी अन्य को उक्त पद पर पदस्थ करते हुए श्री मंडावी को पदभार मुक्त करने के निर्देश जारी कर दिया गया।

श्री मंडावी को पद से हटाने के संबंध में अधिकारियों ने कोई कारण स्पष्ट नहीं किया। इस कार्रवाई से श्री मंडावी आहत एवं उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। अजजा शासकीय सेवक विकास संघ, जिला इकाई धमतरी ने कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग धमतरी को ज्ञापन सौंपकर यह मांग किया है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक समीक्षा कराई जाए। यदि किसी प्रशासनिक अथवा विधिक कारणवश आदेश में परिवर्तन किया गया है, तो उसकी स्पष्ट जानकारी संबंधित कर्मचारी को प्रदान की जाए। यदि आदेश में किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति हुई हो, तो उसे नियमानुसार सुधारते हुए संबंधित कर्मचारी के प्रति न्यायोचित निर्णय लिया जाए। ज्ञापन सौंपने वाले में जिलाध्यक्ष गेवाराम नेताम, महासचिव दौलत ध्रुव, तहसील धमतरी कार्यकारी अध्यक्ष राहुल नेताम, कलाराम गंगेश, नरेश गावरे, टीकम सिंह ध्रुव शामिल थे।

**अजजा शासकीय सेवक संघ ने ज्ञापन सौंपकर जताया विरोध**



## नागरिको को जागरूक बनाना एवं उनकी समस्याओं के समाधान करना रहा उद्देश्य

# विद्युत उपभोक्ता जागरूकता एवं शिकायत निवारण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी






विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, बिजली से जुड़ी सेवाओं तथा शिकायतों के प्रभावी समाधान की जानकारी देने के उद्देश्य से धमतरी में विद्युत उपभोक्ता जागरूकता एवं शिकायत निवारण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग, विद्युत नियामक आयोग, विद्युत लोकपाल तथा उपभोक्ता प्रतितोषण फोरम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लेकर उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रक्रियाओं और नियमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक बनाना तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं से परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्युत लोकपाल छत्तीसगढ़ सुरेश कुमार सोनी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्युत नियामक आयोग के सदस्य (विधि) विवेक गनोदवाले, डायरेक्टर टैरिफ सुरेंद्र सिंह, विद्युत उपभोक्ता प्रतितोषण फोरम रायपुर शहर के अध्यक्ष एम.डी. बड़गैया, रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल, मुख्य अभियंता रायपुर (ग्रामीण क्षेत्र) ए.के. लखेरा तथा अधीक्षण अभियंता (रायपुर वृत्त) हरि मुरारी सिंह उपस्थित रहे।

कार्यशाला में डायरेक्टर टैरिफ सुरेंद्र सिंह ने घरेलू, व्यावसायिक, कृषि, औद्योगिक तथा उच्च दाब श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ निर्धारण की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि विद्युत दरों का निर्धारण निर्धारित नियमों एवं नियामक प्रक्रिया के तहत किया जाता है, जिससे सभी वर्गों के उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखा जा सके।

विद्युत उपभोक्ता प्रतितोषण फोरम के अध्यक्ष एम.डी. बड़गैया तथा अशोक खंडेलवाल ने बिजली बिलों से संबंधित शिकायतों, गलत बिल, मीटर संबंधी समस्याओं तथा अन्य विवादों के त्वरित निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में निर्धारित मंचों पर शिकायत दर्ज कर समयबद्ध समाधान प्राप्त करें।

मुख्य अभियंता ए.के. लखेरा ने नए विद्युत कनेक्शन, लाइन विस्तार, लोड वृद्धि, शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी तथा प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्युत सेवाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विभाग विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रहा है। साथ ही उन्होंने नियमित कर्मचारियों के साथ बाह्य स्रोत कर्मियों की भूमिका की भी जानकारी दी।

मुख्य अतिथि सुरेश कुमार सोनी ने विद्युत लोकपाल की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यदि उपभोक्ता की समस्या निर्धारित स्तर पर हल नहीं होती है तो वह ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से विद्युत लोकपाल के समक्ष शिकायत प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और समय-सीमा के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया।

विद्युत नियामक आयोग के सदस्य (विधि) विवेक गनोदवाले ने कहा कि प्रत्येक विद्युत उपभोक्ता को बिजली से जुड़े नियमों और अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से उपभोक्ताओं को समय-समय पर जागरूक करने का आग्रह किया, ताकि अनावश्यक विवादों में कमी आए और सेवाएं अधिक पारदर्शी बन सकें।

कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में उपस्थित उपभोक्ताओं ने बिजली बिल, नए कनेक्शन, लाइन विस्तार और अन्य तकनीकी विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ अधिकारियों ने संतोषजनक उत्तर दिया। अंत में अधीक्षण अभियंता हरि मुरारी सिंह ने सभी अतिथियों, उपभोक्ताओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए जनजागरूकता के ऐसे कार्यक्रमों को विद्युत सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

### बिजली बिल भुगतान के नियम बदले, देर से जमा करने पर अब दैनिक सरचार्ज 33 रुपए लगेगा

छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं के लिए नई टैरिफ व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत बिजली बिल के विलंब से भुगतान पर अब पूरे महीने का लेट पेमेंट सरचार्ज नहीं लगाया जाएगा। उपभोक्ताओं से केवल उतने दिनों का अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा, जितने दिनों की वास्तविक देरी होगी। हालांकि, दूसरी ओर घरेलू और व्यावसायिक बिजली दरों में बढ़ोतरी होने से मासिक बिजली बिल पर अतिरिक्त भार भी पड़ेगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी नए टैरिफ आदेश के अनुसार अब लेट पेमेंट सरचार्ज की गणना प्रतिदिन के आधार पर होगी। पहले बिल की नियत तिथि निकलते ही पूरे महीने के लिए 1.5 प्रतिशत सरचार्ज लगाया जाता था, चाहे भुगतान में एक दिन की देरी हुई हो या पूरे महीने की। नई व्यवस्था में यह शुल्क 0.04 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से लिया जाएगा। इससे ऐसे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, जो किसी कारणवश बिल की अंतिम तिथि के कुछ दिन बाद भुगतान कर पाते हैं। आयोग का मानना है कि इससे बिलिंग प्रणाली अधिक पारदर्शी और व्यावहारिक बनेगी। नई टैरिफ व्यवस्था के तहत घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट 30 से 50 पैसे तक की वृद्धि की गई है। वहीं व्यावसायिक श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ोतरी की गई है। बिजली की खपत के आधार पर मासिक बिल में लगभग 30 रुपये से लेकर 500 रुपये तक का अतिरिक्त भार पड़ सकता है। इसके अलावा कृषि उपभोक्ताओं को मिलने वाली कुछ रियायतों और श्रेणियों के पुनर्गठन में भी बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य भुगतान प्रणाली को अधिक तर्कसंगत बनाना और विभिन्न श्रेणियों में बिजली दरों का संतुलन बनाए रखना बताया गया है। इससे समय पर बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी, जबकि अधिक खपत करने वालों को बढ़ी हुई दरों के अनुसार अतिरिक्त भुगतान करना होगा।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र परिषद ने संभाली नेतृत्व की जिम्मेदारी






हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल, धमतरी में नवगठित छात्र परिषद के शपथ ग्रहण एवं अलंकरण हेतु इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक चतुर्वेदी, आईपीएस, नगर पुलिस अधीक्षक (CSP), धमतरी थे। समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर धीरज अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा, उप प्राचार्या श्रीमती देब्रचना रॉय, समन्वयक सतप्रीत सिंह धनजाल, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पिनिंग सेरेमनी, स्वागत उद्बोधन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पौधे भेंट कर हरित संदेश के साथ स्वागत किया गया। इसके पश्चात भजन प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर डायरेक्टर श्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में छात्र परिषद के सदस्यों को ईमानदारी, अनुशासन एवं सेवा भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया। वहीं प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता विकसित करते हुए विद्यालय के आदर्शों को सदैव सर्वोपरि रखने के लिए प्रेरित किया।

समारोह की विशेष आकर्षण सीनियर बैज होल्डर्स के साथ-साथ कक्षा 4 एवं 5 के जूनियर बैज होल्डर्स का अलंकरण रहा। छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदों के बैज प्रदान कर उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय एवं अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की शपथ ली।

विद्यालय के हेड बॉय अनीकेत गायकवाड़ एवं हेड गर्ल परनल चंद्राकर ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यालय का नाम गौरवान्वित करने तथा छात्र-छात्राओं के हित में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। विद्यालय की स्टूडेंट्स परेड का नेतृत्व मो नि का गंगवीर के मार्गदर्शन एवं समन्वयक सतप्रीत सिंह धनजाल के निर्देशन में किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री चतुर्वेदी ने छात्र परिषद के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, अनुशासन, ईमानदारी और सेवा की भावना का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए उत्कृष्ट नागरिक बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की उप प्राचार्या श्रीमती देब्रचना रॉय ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात डायरेक्टर एवं प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# दादा गुरुदेव जिनदत्त सूरी की पुण्यतिथि पर हुई विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ धमतरी एवं चातुर्मास व्यवस्था समिति के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को दादा गुरुदेव जिनदत्त सूरी की 872वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गोलबाजार स्थित आदिश्वर जिनालय में विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। यह आयोजन कैवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका प्रवर्तिनी महोदया निपुणा श्री जी म.सा. की सुशिष्या, संघ स्नेह वारिधि प्रवचन प्रवीणा स्नेहयशा श्री जी म.सा. की सुशिष्या रत्ननिधि श्री जी म.सा. आदि ठाणा-4 की पावन निश्रा में संपन्न हुआ। सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने दादा गुरुदेव के चित्र एवं चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर विधि-विधान से पूजा की और धर्म आराधना में भाग लिया। पूजा के दौरान दादा गुरुदेव के त्याग, तप, संयम, अहिंसा और धर्म प्रचार के अद्वितीय योगदान का स्मरण किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव, नैतिकता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने युवाओं से धार्मिक संस्कारों को अपनाने और समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। आयोजन के सफल संचालन में श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ, धमतरी एवं चातुर्मास व्यवस्था समिति, धमतरी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन मंगल पाठ, सामूहिक प्रार्थना और धर्म लाभ के साथ श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ।






















